भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2576
14 दिसंबर, 2021 को उत्तरार्थ

विषय:- वन्य पशुओं के कारण फसलों को नुकसान

2576. श्री सुरेश कुमार कश्यप:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गत तीन वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश में वन्यजीवों द्वारा किसानों की फसलों को किए गए नुकसान का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा वन्यजीवों से फसलों की सुरक्षा के लिए कोई अन्य निवारक उपाय किए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार की बड़ी संख्या में ऐसे पशुओं को पकड़ने और उन्हें संरक्षित वनों में स्थानांतरित करने की कोई योजना है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख) कृषि विभाग और वन विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार ऐसा कोई आकलन नहीं किया गया है।

(ग) वन्य पशुओं से फसलों के नुकसान की सुरक्षा के लिए, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम.ओ.ई.एफ. और सी.सी.) देश में वन्य जीव वास-स्थानों के प्रबंधन हेतु वन्यजीव वास-स्थानों के समेकित विकास की केंद्र प्रायोजित योजनाओं "प्रोजेक्ट टाइगर" और "प्रोजेक्ट एलीफेंट" के तहत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है जिसमें फसल के खेतों में वन्य जीवों के प्रवेश को रोकने के लिए भौतिक बाधाओं, जैसे कांटेदार तार बाड़, सौर ऊर्जा से चालित विद्युत की बाड़, कैक्टस की चारदीवारी का उपयोग करके जैव-बाड़ लगाना आदि शामिल है। पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने फसलों के नुकसान और विनाश के लिए जिम्मेदार वन्य जीवों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए प्रतिरक्षा-गर्भनिरोधक पर एक प्रायोगिक परियोजनाओं को सहायता प्रदान की है।

इसके अलावा, राज्य सरकारें विभिन्न राज्य योजनाओं के तहत वन्य जीवों से फसलों की सुरक्षा के लिए निवारक उपाय जैसे एलीफेंट प्रूफ ट्रेंच, एलीफेंट प्रूफ वॉल, सौर ऊर्जा बाड़, चेन लिंक फेंसिंग, सोलर हैंगिंग फेंस का निर्माण सहित, एसएमएस अलर्ट सिस्टम, 24×7 टोल फ्री हेल्पलाइन आदि करती हैं।

(घ) जैसा कि पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम.ओ.ई.एफ. और सी.सी.) द्वारा सूचित किया गया है कि राज्यों के मुख्य वन्यजीव वार्डनों को अधिकार दिए गए है कि वें एकल या कुछ जीवों के मामले में, प्रभावी तरीके से पकड़ने और स्थानांतरित करने के लिए उचित कार्रवाई करें।

*****